Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 24-02-2022 अंक 151
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### मोटरसाइकिल भिडंत में एक घायल



बरही थाना अंतर्गत गौरियाकरमा निवासी मो मुस्ताक उम्र 40 वर्ष पिता मो सोमर मिया मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मो मुस्ताक बरही से धनबाद रोड की और जा रहे थे इसी क्रम में मदरसा के सामने दो मोटरसाइकिल का आपस में भिडंत हो गया। जिसमे मो मुस्ताक गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया गया

### मारपीट को लेकर थाना में दिया आवेदन



बरही थाना अंतर्गत बरसोट निवासी सीताराम साव उम्र 47 वर्ष पिता मोहन साव ने बरही थाना मारपीट को लेकर बरही थाना में आवेदन दिया है। साथ ही उन्होंने बताया की गुरुवार सुबह 8 बजे हिस्सेदारी का बटवारा को लेकर जानकी साव पिता मोहन साव, रवि कुमार साव एवं रंजीत कुमार साव दोनो के पिता जानकी साव, बेबी देवी पति जानकी साव सभी बरसात निवासी मेरे ऊपर जान मारने के नियत से लाठी एवं टांगी से मेरे ऊपर वार किया। वही मेरे पॉकेट से नकद 5000 निकाल लिया और मेरी पत्नि मालती देवी के गले से सोने की चौन छीन लिया जिसका कीमत लगभग एक लाख रुपया है। साथ ही उन्होंने बरही थाना में आवेदन देते हुए कहा कि मुझे न्याय दिलाने की कृपा प्रदान करे।

### नाले में डूबने से ड्राइवर की हुई मौत



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत बेडोकला निवासी दामोदर साव का पुत्र बहादुर साव उम्र 32 वर्ष का मौत नाले में डूबकर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहादुर साव ट्रक चालक था बुधवार शाम को बहादुर साव शौच के लिए गया हुआ था। जहां कुछ लोगो ने उसे नाला में डूबा हुआ देखा। जानकारी मिलने पर उनके परिजनों द्वारा इलाज के लिए उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि मामला क्या है अभी तक स्पष्ट नही हो पाया है। इस मामला को बरकट्ठा पुलिस अभी जांच कर रही है। उधर गुरुवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

## चुगलामों में विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रतिनिधि। प्रखंड के ग्राम चुगलामों से डपोक (7:50किमी) आरईओ सड़क का सुदृढ़ीकरण योजना निर्माण का शिलान्यास विधायक अमित कुमार यादव ने किया मौके पर जीप सदस्य कुमकुम देवी भी उपस्थित थी शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह सड़क दो करोड़ 84 लाख की लागत से सड़क का निर्माण होगा उन्होंने संवेदक व विभागीय जेई को गुणवत्ता से समझौता नही करने का निर्देश दिए किसी भी क्षेत्र के विकास में सबसे आवश्यक सड़क होना है। इस रोड के बनने से क्षेत्र के दो जिलों का सीधा जुड़ाव होगा गांवों को परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी। यह सड़क किसानों को अपने कृषि उत्पादन को बाजार तक ले जाने में सहूलियत होगी। कुमकुम देवी ने कहा कि सड़क की हालत जर्जर होने से लोंगो को परेशानी होती थी। सड़क बनने से लोंगो को आवागमन की सुविधा होगी शिलान्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद ने संचालन प्रकाश चौधरी ने किया। समारोह में मुखिया गुड़िया देवी,भाजपा नेता समन ठाकुर, भाजपा बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, मो खलील अंसारी,मो कलीम खां, रीतलाल प्रसाद, दुर्गा प्रसाद चौधरी,पंसस विजय पासवान, अनिल आजाद, सिकन्दर चौधरी,छोटेलाल मेहता, मुकेश राय,रामेश्वर यादव, सरयू प्रसाद, जागेश्वर प्रसाद नारायण प्रसाद,संवेदक रामचंद्र यादव, आरईओ के कनीय अभियंता रत्नेश कुमार लोग मौजूद थे।

## शहीद बैजनाथ की 17 वीं पूण्यतिथि मनाई गई



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा : प्रखंड के जतघघरा में शहीद बैजनाथ यादव की 17 वीं पूण्यतिथि मनाई गई। मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव व अतिथियों ने शहीद बैजनाथ यादव की बनी आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया।संचालन भाजपा मंडल महामंत्री इंद्रदेव यादव ने किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि बैजनाथ यादव भाजपा के सच्चे सिपाही थे। उनके आदर्शो पर चलना ही सही श्रद्धांजलि होगी।जिप सदस्य कुमकुम देवी ने कहा शहीद बैजनाथ यादव आदर्शो के धनी व्यक्ति थे।जनता के सेवा में उन्होंने अपनी प्राण न्यौछावर कर दिऐ। कार्यक्रम में जीप सदस्य कुमकुम देवी, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, अनुमण्डल सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद, मो कलीम खां बीएनपी वर्णवाल, केदार यादव, शशिभूषण चौधरी, छोटेलाल मेहता,रीतलाल प्रसाद, रमेश. चंद्र यादव, समन ठाकुर, मो खलील अंसारी, रामदेव यादव, सुरेंद्र यादव, इंद्रदेव यादव, चन्द्रदेव यादव, विनोद यादव, सकलदेव यादव, परमेश्वर यादव, पाचू गोप, बंशी गोप, बीरेन्द्र यादव, उदय यादव, सुजीत यादव, मनोरंजन यादव, अरुण राणा, गोविंद पांडेय समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## मारपीट में महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना अंतर्गत बरसोत निवासी सरस्वती देवी पति उम्र 55 वर्ष पति मोहन साव मारपीट में घायल हो गई। पीड़ित महिला ने बताया की पिछले चार पांच वर्षो से मेरे उसका बड़ा बेटा उसके साथ मारपीट कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं और मेरे पति अलग रहकर जीवनयापन कर रहे है। उसके बावजूद मेरे साथ मारपीट करता रहता है। घायल महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं घायल महिला का बड़ा बेटा अपना पक्ष रखते हुए कहा कि मुझे मेरी मां एवं अन्य भाइयों के द्वारा परेशान किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं लगभग 15 सालो से मुंबई में रहकर काम कर रहा हूं। जब मैं लॉकडाउन में घर आया तो मुझे मेरे भाई एवं मां के द्वारा मुझे परेशान किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मैंने अपनी मां के साथ मारपीट नही किया हूं।

APEM LIVE

## पति के हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पत्नी ने सी ओ को आवेदन देकर अनशन की मांगी अनुमति

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



मृतक परिवार ने चलकुशा थाना के समीप अनिश्चितक.।लीन भूख हड़ताल धरना को लेकर चलकुशा अंचलाधिकारी के नाम से आवेदन देने को लेकर अंचलाधिकारी कार्यालय पहुची। उसी क्रम में बरही डीएसपी ने दूरभाष के माध्यम से मृतक की पत्नी मालती देवी से बात किया ।और डीएसपी ने आश्वाशन दिया। कि एक सप्ताह के अंदर दोषियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पत्नी ने कहा की अगर एक सप्ताह के अंदर प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो पुनः चलकुशा थाना के समीप अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। जिसकी जिम्मेवार प्रशासन होगी।

ज्ञात हो कि चलकुशा थाना क्षेत्र के दसरा परसाबाद के बीच रेलवे ट्रैक के बगल में 16/12/2021को शव मिली थी जिनकी शिनाख्त अर्जुनचंद्र यादव उम्र 42 वर्ष, पिता वासुदेव यादव, ग्राम दसारो, थाना मरकच्चो, जिला कोडरमा के रूप में हुई थी। जिसके बाद मृतक की पत्नी ने जेसीबी मशीन एंव जमीन विवाद को लेकर कामेश्वर यादव, श्यामसुंदर यादव, गो. विंद यादव, तीनों के पिता भीखन महतो, प्रदीप यादव, पिता गोविंद यादव पर आरोप लगाते हुए। कहा कि इन लोगों के द्वारा मेरे पति अर्जुन चंद्र यादव की हत्या कर रेलवे ट्रैक के बगल में फेक दिया गया था। जिसका चलकुशा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों की गिरफ्तारी और कार्रवाई करने का मांग की थी। लेकिन प्रशासन के द्वारा अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 24-02-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं०: 02

## प्रखंड मुख्यालय में कम्प्यूटर में बेसिक ट्रेनिंग प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण

### कंप्यूटर में शिक्षा प्राप्त कर युवा कैरियर बना सकते हैं : उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**





प्रखंड मुख्यालय में डिस्टिक ई गवर्नेंस सोसाइटी (डीईजीएस) कंप्यूटर बेसिक ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन सभागार भवन में किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक उमाशंकर अकेला, उपायुक्त आदित्य रंजन डीएफओ सूरज सिंह, बीडीओ संजय कुमार यादव, सीओ राम. रातन वर्णवाल, प्रमुख लीलावती देवी, जिप सदस्य महादेव राम मौजूद थे। इस दौरान 120 प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही साथ शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले बच्चों को उनके नामांकन शुल्क 100 रूपये वापस किया गया। सेंटर में कुल 750 बच्चे नामांकित हैं। इस दौरान विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि मुझे आज गर्व हो रहा है कि मेरे द्वारा चलाया गया कार्यक्रम सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता के बाद दूसरे जगहों पर भी केंद्र खोला जाएगा। उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि कंप्यूटर की शिक्षा प्राप्त कर दो बेहतर भविष्य निर्माण कर सकते हैं। वहीं उपायुक्त आदित्य रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को कंप्यूटर की बेसिक शिक्षा देना है। उन्होंने कहा कि अगर बच्चे कम्प्यूटर की बेसिक शिक्षा ग्रहण कर लेते हैं तो उन्हें आगे चलकर कई टेक्निकल विषयों में मदद मिलेगी। उन्होंने बच्चों के मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो प्रश्न का उत्तर देकर लोग नौकरी नहीं ले पा रहे हैं। उसी प्रश्न का उत्तर देकर बच्चे कम्प्यूटर की शिक्षा को ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने विधायक अकेला यादव को धन्यवाद देते हुए कहा के विधायक जी का प्रयास है सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से कोडरमा के बच्चों में शिक्षा के प्रति लगन देखी जा रही है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि कोडरमा जल्द बैंगलोर की तरह शिक्षा का हब बनेगा।डीएफओ सूरज सिंह ने कहा कि कोडरमा में कम्प्यूटर क्रांति के रूप में बढ़ता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी ने हमें ये बताया कि कम्प्यूटर के माध्यम से घर बैठे काम कैसे किया जा सकता है। जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि आज के डिजिटल दुनियां में कम्प्यूटर का अगर ज्ञान नहीं है तो वो अशिक्षित है। प्रमुख लीलावती देवी ने अपने संबोधन में बच्चों को पठन-पाठन में ध्यान देने तथा प्रखंड का नाम रौशन करने की अपील की। मौके पर जिला सूचना पदाधिक. ारी सुभाष यादव, ई-डि. स्टिक मैनेजर राजदेव महतो, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, अज्जू सिंह, रामेश्वर यादव, पंसस विनोद यादव, सेंटर के संचालक अजय कुमार वर्णवाल, संतोष कुशवाहा, गौतम वर्णवाल, अनवर खान आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक इरफानुल हक ने किया।

## विधायक व जिला अध्यक्ष ने चौपारण में चलाया कांग्रेस का सदस्यता अभियान

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के आहवाहन पर हजारीबाग कांग्रेस जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह के अगुवाई में बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के उपस्थिति में चौपारण में चलाया गया सदस्यता अभियान । इस दौरान चौपारण प्रखण्ड के सभी पंचायतों से कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष व सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव ने किया। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने सदस्यता अभियान पर प्रकाश डालते हुए सभी पंचायत सचिव व अध्यक्षयों को कहा कि आप सभी लोग प्रत्येक पंचायत से एक एक सौ नैय सदस्यों को जोड़े । विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी समूह बनकर लोगों को कांग्रेस की सदस्यता दिलावे। मौके पर कांग्रेस नेता बिनोद यादव, राजेन्द्र राणा, विना देवी, लालेश साहू, बाल किसुन यादव, ओम सिंह, हेलाल अख्तर, मिन्हाज मेहदी, नीरज सिंह, रंजीत साव, उमेश साव, राजेंद्र भगत, राजू साव, सोनू कृ ष्णा कसेरा, मो हफीज , मनोज यादव, नकुल रजक, नवीन यादव, रंजन यादव, पप्पू यादव सहित कई लोग शामिल थे ।

APEM
LIVE

## बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों ने माता जी से लिया संयुक्त आशीर्वाद



**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**

हज़ारीबाग़ जैन समुदाय की माताजी आर्यिका रत्न १०५ सौभाग्यमति माताजी से बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों ने मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़ा बाजार यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने माता जी का आशीर्वाद ग्रहण करने के पश्चात उन्हें बताया कि बड़ा बाजार यूथ विंग के एक सामाजिक कार्य करने हेतु समाज के बीच आया है साथ ही उन्होंने बताया कि बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जा रही है तो वही बहुत जल्द मुफ्त चि. कत्सा शिविर भी लगाई जाएगी। सचिव सह कोषाध्यक्ष अमर विनायका ने माताजी के श्री चरणों को नमन करते हुए बताया कि बड़ा बाजार यूथ विंग सामाजिक कार्य में समर्पित व्यक्तियों को जोड़ने का कार्य कर रहा है साथ ही बताया कि बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा बहुत ही जल्द ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जाएगा जिससे जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध हो पाएगा। मीडिया प्रभारी विजय जैन ने बताया कि जल्द ही रक्तदान शिविर का आयोजन भी होगा। सभी बातों को ध्यान से सुनने के बाद माताजी ने सभी को संयुक्त रूप से आशीर्वाद देते हुए कहा कि आपके द्वारा सामाजिक क्षेत्र में अच्छे कार्य किए जा रहे हैं। हमारा आशीर्वाद है आप सामा. जिक कार्य में आगे बढ़े और लोगों को सेवा प्रदान करते रहे। साथ ही माताजी ने सामाजिक कार्य के लिए टिप्स देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में आप शहर के चौक चौराहों पर प्याऊ का व्यवस्था कीजिए जिससे आमजन को लाभ हो सके।सभी माताजी के बातो को ध्यान से सुना।अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, सचिव सह कोषाध्यक्ष अमर विनायका, उपाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, संजय कुमार डिश, मीडिया प्रभारी विजय जैन, कार्यकारिणी सदस्य अतिशय जैन,विराट खण्डेलवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सच्ची श्रद्धा और प्रेम के कारण ही मां शबरी बनी आदर्श अंबा प्रसाद




**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के बैनर तले बरवाडीह में मां शबरी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय भुइया समाज कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संच. ालन संजय राम के द्वारा किया गया।समारोह में शामिल बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि माता शबरी का अंतरात्मा में भगवान श्रीराम के प्रति अद्भुत प्रेम श्रद्धा और सच्ची लगन का भाव जगा कर संसार में मिसाल कायम किया। माता शबरी की भक्ति के कारण भगवान श्रीराम को उनकी कुटिया जाकर जूठन बैर को चखा था। वहीं झामुमो के केंद्रीय सदस्य संजीव बेदिया ने कहां की माता शबरी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी लोग जमीन व्यवस्था करें मैं हमेशा तैयार हूं खर्च की चिंता लोग नहीं करें। समाज में व्याप्त कुरीतियां जैसे अशिक्षा, बाल विवाह, नशा पान , दहेज प्रथा तथा अन्य अंधविश्वासों जैसे सामाजिक बुराईयों से मिलकर लड़ने की जरूरत है । पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा मानव - मानव एक समान है इसलिए किसी मानव से भेदभाव ऊंच-नीच नहीं करनी चाहिए । वहीं समाज को बाबा भीमराव अंबेडकर के रास्ते पर अमल करना चाहिए और पढ़ो और आगे बढ़ो के नारों को अपनाना चाहिए। अखिल भारतीय भुईयां समाज के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम ने विधायक से सदन में माता शबरी दिवस के मौके पर अवकाश देने व राज्य के अवकाश कैलेंडर में इस दिवस का प्रकाशन करवाने की मांग की है।इसके अलावा बादम मुखिया दीपक दास, झामुमो जिला सचिव हेमंत भुईयां, शशि मेहता, मो. हम्मद शाहिद उर्फ सोनू इराकी ने भी संबोधित किया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य संजीव बेदिया, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बाबर हुसैन, संजय महतो, हाजी तबस्सुम , बड़कागांव पश्चिमी पंचायत कुशवाहा समाज के अध्यक्ष शशि कुमार मेहता, अखिल भारतीय भूमिया समाज के अध्यक्ष प्रभु राम, युवा प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर भुइयां, संजय राम, सचिव महावीर राम, बालेश्वर राम, खेमलाल राम ,प्रभु राम, मुकेश रावत, चेपाकला मुखिया साधना कुमारी, बादम मुखिया दीपक दास, इंटक जिला सचिव राजेश गुप्ता, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कजरु साव, कांग्रेस पाटी के केरेडारी विधायक प्रतिनिधि रविन्द्र प्रसाद, प्रखंड युवा अध्यक्ष आंनद कुमार, ए एस आई रुस्तम अली, सोनू इराकी, के अलावा अखिल भारतीय भुइयां समाज के प्रखंड इकाई के सदस्य महिला पुरुष कार्यक्रम में शामिल थे

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित एडिटर: सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

## पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य

मतदान देकर भारी मतों से

विजयी बनाएं...!



**सोच हमारी**

**विकास आपका**

**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

## विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

THE MECHANICS

प्रो0 – विकम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का
बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS, Hero, BAJAJ, HONDA, YAMAHA, SUZUKI, Lifelong, ROYAL ENFIELD, PIAGGIO, Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851

प्रो0 शिव कुमार

9162759200

## शिव ऑप्टिकल हाऊस

कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो का जांच

हमारे यहां कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो को जांच कर चश्मा बनाया जाता है।



धनवाद रोड, बरही, पेट्रोल पम्प के सामने (जामा मस्जिद के सामने)

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर


## प्रखण्ड के हेसापरम में सबसे बड़ा रकवा पर है भूमाफियाओं का अवैध कब्जा

### हेसापरम के खाता 20 की गै़रमजरूवा जमीन के अवैध कब्जाधारियों को अंचल ने दिया इस्तेहार खाता 20 के कुल 54 प्लॉटों की जमीन जल्द होगा कब्जा मुक्त

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के चारु पंचायत के हेसापरम के खाता नम्बर 20 के प्ल०ट नम्बर 1,2,178,180,392,404,14,37,182,410,430,192,46,54,191,441,444,195,67,73,249,454,462,256,88,90,259,469,467,269,167,118,280,486,494,283,135,150,308,266,311,161,169, सहित कुल 54 प्ल०ट के लगभग 200 एकड़ जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए अंचल अधिकारी ने पहल शुरू कर दी है।गुरुवार को अंचल उपनिरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन के आलोक में अंचल अधिकारी ने ऊक्त खाता में अवैध रूप से जोत कोड और कब्जा करने वाले किसानों को इस्तेहार के माध्यम से 28 फरवरी तक दावा करने की समय सीमा दिया गया है।अंचल से जो इस्तेहार निकाला गया है उसका पत्रांक 93 दिनांक 22 फरवरी 2022 है।जिसमे कहा गया है कि ऊक्त जमीन में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो वो 28 फरवरी तक अंचल कार्यालय में आकर लिख कर दें।अन्यथा इस जमीन पर किसी का दावा नहीं समझा जाएगा।बताते चलें कि चारु पंचायत के हेसा.परम गांव के खाता 20 के लगभग 54 प्ल०टों के लगभग 200 एकड़ जमीन की मामला को ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री कार्यालय को लिख कर भेजा था।जिसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर वर्ष 2013 में तत्कालीन उपायुक्त ने जांच कर ऊक्त खाते प्ल०ट की जमीन को गलत कागजात के आरोप में फर्जी डिमांड खोले गए जमीन को जमाबंदी रद्द करने का निर्देश उपायुक्त कार्यालय से जारी हुआ था।जिसके बाद भी जमीन की माफिया से जमीन को मुक्त नहीं कराया जा सका।ऊक्त जमीन को गलत तरीके से फर्जी कागजात एवं जाली काग.जात के आधार पर कागज बनाने वाले एक राजस्व कर्मचारी पर कार्रवाई भी हुआ था।अब जब अंचल अधिकारी ने फर्जी काग.जात के आधार पर कब्जा करने वालो को नोटिश हुआ है तो अन्य ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति लोगो को विश्वास जगा है।पांच गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त के प्रति आभार भी ब्यक्त किया है।लोगो ने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर शीघ्र ही जमीन भूमाफियाओं से मुक्त होगा।


कार्यालयः अंचल अधिकारी, कान्हाचट्टी(चतर
P. N
दि
आम इश्तेहार

बजरिये नोटिस आम व खास को सूचित किया जाता है कि क्षतिपूर
भूमि प्रस्ताव के संदर्भ में संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक-सह-प्रभारी अंचल निरीक्षक,
जांच प्रतिवेदन दिया गया है। प्रतिवेदित भूमि का विवरणी निम्न प्रकार है:-
यथा-

| क्र0 | मौजा/थाना सं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | हेसापारम/56 | 20 | 01, 02, 178, 392, 404, 180, 14, 37, 182, 410, 430, 192, 46, 54, 191, 441, 444, 195, 67, 73, 249, 454, 462, 256, 88, 90, 259, 469, 467, 269, 167, 118, 280, 486, 494, 283, 135, 150, 308, 266, 311, 161, 169, 333, 341, 170, 171, 344, 357, 176, 177, 373, 390 एवं 391 कुल 54 प्लॉट | 206.03 ए0 |

उक्त भूमि विवरणी के संबंध में अगर किसी व्यक्ति को को
दिनांक 28/02/2022 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आपत्ति दायर कर
बीतने पर कोई कार्रवाई नहीं किया जाएगा।



## कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष पर एक महिला मजदूर ने यौन शोषण का लगाया आरोप, मामला दर्ज

### अश्लील वीडियो बनाकर वाइरल करने की धमकी, काम दिलाने के बहाने बिहार ले जाने का आरोप

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पाण्डेयबारा कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष सत्यनारायण पांडेय पर एक 27 वर्षीय महिला ने मजदूरी दिलाने के बहाने बिहार ले जाकर यौन शोषण करने व अश्लील वीडियो बनाकर वाइरल करने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आय। पीड़ित महिला द्वारा चौपारण थाना में दिए आवेदन के आधार पर चौपारण पुलिस ने थाना कांड संख्या 42/22 धारा 13/02/2022 4/5-343/376 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। महिला द्वारा दिये आवेदन के अनुसार आर्थिक तंगी के कारण महिला पाण्डेयबारा स्थित नव निर्मित पेट्रोल पंप में बीते पांच माह से सत्यनारायण पांडेय के कहने पर मजदूरी का कार्य कर रही है। इस दौरान पांडेय द्वारा मेरे साथ कई बार छेड़छड़ व अश्लील हरकत किया जाता रहा। बताया विरोश करने पर जान से मारने व काम से निकलवाने की धमकी देते रहा। कहा मैं काम छोड़ दी लेकिन सत्यनारायण पांडेय ने फोन कर मुझे बकाया मजदूरी देने की बहाने से बुलाकर अपने बाइक पर बैठाया और चौपारण के रास्ते बिहार ले गया और एक होटल में बंन्द कर जबरजस्ती शारीरिक संबद्ध बनाया व अश्लील फ़ोटो व बना लिया। महिला ने बताया कि हम आत्महत्या करने जा रहे थे तभी हमारे रिश्तेदारों ने मुझे बचा लिया। इस संदर्भ में पूछे जाने पर सत्यनारायण पांडेय ने अपने ऊपर लगे आरोपो को निराधार बतलाते हुए राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया।

## बीस सूत्री टीम ने किया प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण, नदारत मिले कर्मी

**अपेम लाइव : गावां**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को गावां प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम प्रखंड नाजिर के पास जाकर उपस्थिति रजिस्टर देखा जिसमें बहुत कम कर्मचारी की उपस्थिति पाई गई। वही मनरेगा लेखपाल से जब ब्ल०क नाजिर ने बात कर अनुप. स्थिति की जायजा लिया तो उन्होने ढंग से बात नही किया जिसके बाद श्री सिंह ने लेखपाल को खरी खोटी सुनाई। उसके बाद एक एक पदाधिकारी व कर्मचारी के पास जा जाकर निरीक्षण किया जिसमें प्रखंड कल्याण पदा.धिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायती राज अधिकारी, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, मनरेगा कर्मी, लेखपाल मनरेगा आदि दर्जनों लोग अनुपस्थित पाए गए। वही अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान एकमात्र कर्मचारी की उपस्थिति दर्ज की गई थी बाकी सभी अधिकारी व कर्मचारी अंचल से गायब थे जिसे देख श्री सिंह का पारा गर्म हो गया और उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सही समय पर कार्यालय आने की चेतावनी दिया और कहा यदि समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे तो जल्द ही उपायुक्त महोदय से शिकायत कर बड़े करवाई की मांग की जाएगी। मौके पर भी सूत्री सदस्य सोनू कुमार, मरगूब आलम आदि लोग उप.स्थित थे।


## सूर्य भूषण शर्मा बने नगर परिषद के ब्रांड अंबेसडर


**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



चतरा- जताराहीबाग निवासी सूरज भूषण शर्मा को चतरा नगर परिषद का ब्रांड अंबेसडर नियुक्त किया गया है इस बाबत कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चतरा के द्वारा पत्र प्रेषित कर सूरज भूषण शर्मा को अवगत कराया गया है । पत्र में लिखा गया है कि स्वच्छता से संबंधित क्रियाकलाप गतिविधि आयोजित की जानी है।इस क्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 हेतु आपको ब्रांड एम्बेसडर नामित किया जाना है। अतः उक्त के आलोक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 हेतु ब्रांड एम्बेसडर के रूप में आपको नामित किया जाता है। नगर परिषद्, चतरा के द्वारा स्वच्छता से संबंधित आयोजनों में आपकी उपस्थिति अपेक्षित है तथा नगर परिषद् कार्यालय अपेक्षा रखती है कि आमजनों को स्वच्छता से संबंधित जागरूकता सं.बंधी कार्यों में अहम भूमिका होगी।

## मूलभूत सुविधाओ से आज भी वंचित है गावां के प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल





**अपेम लाइव : गावां**
**मोजाहिद अली**

गावां, गिरिडीह : गावां प्रखंड स्थित प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल गावां पूरी तरह व्यवस्था विहीन है। उक्त विद्यालय में अध्ययनरत बच्चियों का कहना है कि हमारे विद्यालय के बाउंडरी वाल लगभग डेढ़ वर्षो से टूटा हुआ है और शौचालय की उचित सुविधा उपलब्ध नही है जिसके कारण हमलोग काफी असहज और असुरक्षित महसूस करते है। साथ ही विद्यालय परिषर में मात्र एक ही चापाकल है और उसमें भी आयरनयुक्त पानी आता है जिसके कारण हमलोगों को शुद्ध पानी भी नही मिल पाता है। विद्यालय के प्राचार्य का कहना है कि उक्त सभी समस्याओं को लेकर हमलोगों ने विभाग को कई बार आवेदन दे चुके है लेकिन अभी तक कोई पहल नही किया गया है। वही छात्राओं ने पुराने जर्जर विधालय को भी ध्वस्त करने का मांग किया है। उन्होंने बताया की इस भवन से भी कोई बड़े हादसे होने की संभावना है। साथ ही उन्होंने महिला शिक्षिका की भी मांग किया है और उच्च अधिक.ारियों से मांग की है की जितना जल्द हो सके गर्ल्स हाई स्कूल के व्यवस्थाओं में सुधार लाया जाए ताकि हमलोग सुरक्षित महसूस कर सके और निर्भीक होकर शिक्षा ग्रहण कर सके।

9122222016
बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन


ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## भाकपा माले ने मुखिया के खिलाफ़ खोला मोर्चा

**अपेम लाइव : जमुआ**



गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ प्रखंड के धरमपुर पंचायत के पाराखरो में धर्मपुर पंचायत सr. चवालय में चोरी प्रकरण एवं पंचायत में संचालित सभी योजनाओं में मुखिया द्वारा लूट किये जाने तथा लूट को छुपाने के लिए पंचायत सr. चवालय में चोरी हो जाने की झूठी एवं मनगढ़त प्रा. थमिकी दर्ज कराने को लेकर भाकपा माले प्रखंड सचिव रीतलाल प्रसाद वर्मा के नेतृत में ग्रामीणों के साथ बैठक किया गया।ग्राम सभा मे उप. स्थित लोगों सामूहिक निर्णय लेने के उपरांत कहा की पंचायत सr. चवालय में चोरी होने की बात मुखिया का साजिस है।पंचायत में करोड़ो का घोटाला हुआ है उसे छिपाने के लिए मुखिया ने १ ८ ट करवाया हैजो बिल्कुल बेबुनियाद और मनगढ़ंत कहानी है।हम सभी लोग प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करते है।उच. चस्तरीय जांच कर मामले उजागर किया जाय।यदि चोरी एवं घोटाला उजागर नही किया गया तो हम पंचायत के लोग चरनबद्ध आंदोलन के लिए उतरेंगे। ग्राम सभा मे उपस्थित गिरधारी प्रसाद वर्मा सुखदेव प्रसाद वर्मा जगे. स्वर कु वर्मा मनोज प्रसाद वर्मा नारायण राणा रघुनाथ वर्मा भुनेस्वर महतो बासुदेव कुमार विजय वर्मा बैजनाथ महतो दामोदर प्रसाद वर्मा दुवारिक प्रसाद वर्मा प्रदीप वर्मा फागु प्रसाद वर्मा टिकैत महतो सीताराम वर्मा विनोद प्रसाद वर्मा सोभा महतो संकर कु वर्मा अन्य लोग सामिल थे।

## प्रेमी प्रेमिका का शव एक ही दुप्पटे से लटका हुआ मिला

**अपेम लाइव : बैंगाबार**
**बजरंगी महतो**



फंदे से झुलता प्रेमी एवं प्रेमिका का शव



बुधवार शाम को सात बजे घर से निकली विजुल रजक बनगावां मोतीलेदा की चौदह वर्षीय बेटी रोहानी कुमारी का शव उसके दुप्पटे से लटका हुआ मिला एक ही दुप्पटे से एक तरफ़ रोहणी कुमारी और दूसरी ओर ज्योतिष पासी पिता चांदसी पासी महुआर छाताबाद का मिला। दिन में जब लोग जानवर चराने के लिए जा रहे थे तो मोतीलेदामोहनपुर के पास निर्माणधीन कचरा फैक्ट्री से दो सौ मीटर दूर नाला के किनारे जामुन के पेड़ पर दो लाश को लटके हुए देखा और शोर मचाने लगे हल्ला गुल्ला सुनकर स्थानीय समाजसेवी इंद्रलाल वर्मा घटना स्थल पर पहुंचे और बेंगाबाद थाना को सूचना दी। सूचना पाकर सदलबल बेंगाबाद थाना प्रभारी कमलेश पासवान एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह प्रशिक्षु आईएएस सह सीओ प्रभारी पियूष सिन्हा पहुंचे और शव को निचे उतरवाया। लोगों की अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई। कुछ लोगकानाफूसी कर रहे थे जितनी मुंह उतनी बात। अधिकतर लोग इस घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रहे हैं। घटना स्थल पर पहुंचे एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बुधवार को मोतीलेदा बनगांवा निवासी बिजुल रजक ने अपनी बेटी चौदह वर्षीय रोहणी कुमारी के गुम होने की सूचना दी थी। प्रशाशन खोजबीन कर रही थी कि दिन के एक बजे दो लाशों को ग्रामिणो द्वारा देखे जाने की सूचना मिली। घटना को देखकर प्रथम दृ ष्टया प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत हो रहा है लेकिन प्रशासन हरेक बिंदु को ध्यान में रखकर गहनता पूर्वक जांच पड़ताल की जाएगी। दोनों शवों को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## आगजनी में जले घर के परिजनों से मिलने पहुंचे आजसू नेता रोशन लाल चौधरी

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



प्रखंड के सीकरी गांव में बीते रविवार रात को आग लग जाने से गुरुदयाल महतो और मोती महतो का घर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया था। जिसका खबर सुनकर पीड़िता परिवार से मिलने पहुंचे आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी। पीड़ित परिवार से मिलकर आजसू नेता ने उनके हालात को जाना और उन्हें ढाढस बंधाया। इस दुख की घड़ी में उन्हें हिम्मत से काम लेने की बात कही। साथ ही साथ अपने ओर से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद की। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ आजसू पार्टी हमेशा खड़ा है और खड़ा रहेगा। हर संभव मदद करने व सरकारी लाभ दिलाने का भी भरोसा दिलाया। मौके पर मुख्य रुप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष भोला महतो, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, कार्यकारी अध्यक्ष फिरोज आलम ,कामेश्वर महतो ,योगेश्वर महतो, शशि महतो ,अरुण महतो ,दिलीप महतो ,महेंद्र महतो, एवं अन्य उपस्थित थे।

## बिरनी :- महाशिवरात्रि को लेकर के कपिला ग्रामीणों ने किया बैठक

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



गुरुवार कैबबिरनी थाना क्षेत्र कपिलो देवी मंदिर प्रांगण में एक बैठक रखा गया जिसमें शिवरात्रि पूजा को लेकर चर्चा किया गया जिसमें सभी ग्रामीण पंहुचे लोगो ग्रामीणों ने सभी के सहमति से निर्णय लिया की रात में भंडारा का आयोजन किया जाएगा ।तथा पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बड़े धूमधाम से पूरे गाँव में जुलूस निकालते हुवे शिवरात्रि पूजा मनाएंगे यह प्रस्ताव भी पारित हुआ मोके पर मुकेश राणा छोटन राणा शिव कुमार राणा श्यामसुंदर मोदी सूरज मोदी चंदन मोदी जितेंद्र दास महेश यादव सुबोध पांडे दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

